CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: anjali.chand@timesofindia.com Time: 03-18-2026 21:39 Color:






## क्या कहता है फायर ब्रिगेड

**फायर ऑफिसरों** का कहना है कि कंट्रोल रूम को पहली कॉल मिलते ही द्वारका, हरि नगर और जनकपुरी फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली एक साथ 8 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। पहली गाड़ी लगभग 15 मिनट में मौके पर पहुंच गई। इसके बाद द्वारका फायर स्टेशन के STO मुकुल भारद्वाज ने मौके से कंट्रोल रूम को 7:20 पर सूचना देकर कहा कि आग को मेक 6 कैटिगरी का कर दिया जाए। इसके बाद आग बुझाने वाली 11 और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। सुबह 8:05 बजे जब मीडियम कैटिगरी फायर घोषित हुई, तो 11 गाड़ियां और रवाना की गईं।




# पालम में चार मंजिला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 9 की मौत, तीन घायल

**घायलों में 2 की हालत गंभीर, लगभग 7 घंटे के बाद 150 फायरकर्मियों ने बुझाई आग**

**बिल्डिंग के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कॉस्मेटिक और कपड़े का स्टोर था**

**लोगों ने हाइड्रोलिक मशीन ठीक से काम नहीं करने का लगाया आरोप**


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पालम में** बुधवार सुबह चार मंजिला बिल्डिंग में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग को पूरी तरह बुझाने में 150 फायरकर्मियों की टीम को लगभग साढ़े 7 घंटे का समय लग गया।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 7:04 बजे पालम गांव थाने को राम मार्केट स्थित कपड़े की दुकान में आग लगने की सूचना मिली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि WZ-124A नंबर की चार मंजिला बिल्डिंग धू-धू कर जल रही थी। बेसमेंट, ग्राउंड और पहली मंजिल पर कपड़े और कॉस्मेटिक का शोरूम था, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल पर मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार रहता था। आग इतनी तेजी से फैली कि ऊपरी मंजिलों पर सो रहे लोग फंस गए।

डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर ए के मलिक ने बताया कि दमकल की करीब 20 गाड़ियां, 11 कैट्स एंबुलेंस, बीएसईएस, एक्सप्रेस पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें और 150 फायरकर्मी भी आग बुझाने में जुटे रहे। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर सुमेश कुमार दुआ और डिविजनल ऑफिसर राजेंद्र अटवाल की टीम दोपहर 2:20 बजे आग पर काबू पाने में कामयाब रही। हादसे के दौरान जान बचाने के लिए तीसरी मंजिल पर फंसे एक पिता ने अपनी दो साल की बच्ची को नीचे खड़े दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों की ओर फेंक दिया, लेकिन बच्ची नीचे गिर गई और उसके दोनों पैरों में गंभीर चोट आ गई। पिता अनिल ने भी छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं, अनिल के बड़े भाई परवेश ने भी कूदकर जान बचाने की कोशिश की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बिल्डिंग में ज्वलनशील सामान अधिक मात्रा में रखा था, जिसके कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आ रही है। इसके पास ही रहने वाले सुमित अग्रवाल ने बताया कि उस वक्त सभी सो रहे होंगे, इसलिए आग का पता बाद में चला। उनका कहना है कि समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती तो आग जल्दी बुझ जाती और लोग बच सकते थे। करीब 45 मिनट की देरी से गाड़ी पहुंची।




**जानलेवा हादसा:** शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आ रही है

## फायर ब्रिगेड पर लगाए आरोप

**हादसे में** जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने एनबीटी से बातचीत में बताया कि मौके पर मौजूद दमकल विभाग की हाइड्रोलिक मशीन ठीक से काम नहीं कर रही थी, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ और अंदर फंसे लोगों तक समय पर मदद नहीं पहुंच सकी। एक रिश्तेदार ने कहा कि अगर समय रहते प्रभावी रेस्क्यू किया जाता, तो शायद उनके अपने आज जिंदा होते। एक अन्य रिश्तेदार ने बताया कि दमकल विभाग नेट तक लेकर नहीं आई थी। अगर उनके पास नेट होता तो शायद प्रवेश की जान बच सकती थी।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in